## राज्यसभा सदस्य तन्खा ने इस रवैये को कानूनन गलत प्रथा निरूपित किया

# सोम डिस्टलरी लाइसेंस निलंबन मामले में महाधिवक्ता की राय को शामिल करने का विरोध

### कांग्रेस प्रवक्ता मिश्रा ने उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता पर दिया बल

हरिभूमि जबलपुर।

सोम डिस्टलरी के लाइसेंस निलंबन मामले में मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह की राय को शामिल किए जाने का विरोध शुरू हो गया है। राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा ने मप्र के आबकारी आयुक्त के आदेश के साथ अपनी आपत्ति एक्स पर पोस्ट की। जिसके बाद कांग्रेस प्रवक्ता केके मिश्रा ने पोस्ट का समर्थन करते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है । हालांकि इस सिलसिले में काफी प्रयासों के बावजूद महाधिवक्ता सिंह का पक्ष सामने नहीं आ सका।

#### महाधिवक्ता कोर्ट में कैसे करेंगे इस आदेश की पैरवी

दरअसल, तन्खा का आरोप है कि महाधिवक्ता का पद संवैधानिक पद है। सरकार को राय देना संवैधानिक दायित्व है। किंतु सवाल उठता है कि जब महाधिवक्ता की राय को आदेश का हिस्सा बनाया जाता है, तो महाधिवक्ता कोर्ट में इस आदेश की पैरवी कैसे करेंगे। इसलिए यह एकदम गलत प्रथा है।



#### सोम डिस्टरी के बचाव के लिए पर्याप्त कानूनी रास्ते छोड़े

इसे लेकर कांग्रेस प्रवक्ता ने अपने री-एक्स पोस्ट में सवाल खड़ा किया है कि आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल न्यायालय द्वारा सोम डिस्टलरी के निलंबन का आदेश दिए जाने के बावजूद फाइल क्यों दबाए रहे। वहीं दूसरी ओर अब उनकी ओर से जो आदेश पारित किया गया है, उसमें महाधिवक्ता की राय का उल्लेख कर सोम डिस्टरी के बचाव के लिए पर्याप्त कानूनी रास्ते छोड़ दिए गए हैं। अधिकारी आखिर किसके प्रभाव में इस तरह के गलत कदम उठा रहे हैं, इसकी जांच होनी चाहिए।

#### क्या है मामला

रायसेन जिले में स्थित सोम डिस्टलरी एंड ब्रेवरीज लिमिटेड और मेसर्स सोम डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड का लाइसेंस आबकारी आयुक्त ने बुधवार को सस्पेंड कर दिया है। सोम डिस्टलरी एंड ब्रेवरीज लिमिटेड रोजराचक जिला रायसेन में और मेसर्स सोम डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड सेहतगंज जिला रायसेन में संचालित है। आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार कंपनियों के संचालक, प्रतिनिधि, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अपर सत्र न्यायालय, देपालपुर जिला इंदौर के प्रकरण में पारित निर्णय के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। इसमें कहा गया है कि हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ द्वारा संबंधित आपराधिक अपीलों में सजा के क्रियान्वयन पर रोक लगाई गई है, लेकिन दोषसिद्धि अभी भी प्रभावी है। इस मामले में आबकारी आयुक्त ने महाधिवक्ता कार्यालय से विधिक अभिमत लेने के बाद यह कार्यवाही की है। आदेश में आबकारी आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 31 के तहत लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई कानून सम्मत है और इससे न्यायालय की अवमानना का कोई प्रश्न नहीं बनता। मामला 23 दिसंबर, 2023 को कोर्ट पहुंचा था। इससे पहले कंपनी को कोर्ट द्वारा 26 फरवरी 2024 को कंपनी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया था। आदेश में कहा गया है कि नकली शराब परिवहन परमिट और अवैध शराब का परिवहन करने के मामले में कंपनी के उमाशंकर शर्मा, जीडी अरोरा, दिनकर सिंह व मोहन सिंह तोमर, दीनानाथ सिंह के विरुद्ध कोर्ट द्वारा कारावास और अर्थदंड तय किया गया है। आरोपित मदन सिंह द्वारा पांच फर्जी परमिट बुक, वीरेंद्र भारद्वाज द्वारा 272, रामप्रसाद मिश्रा द्वारा 25, प्रीति गायकवाड़ द्वारा 279, संजय गोहे द्वारा 282, कैलाश बंगाली द्वारा 29, मोहन सिंह तोमर ने 676, उमाशंकर ने 75, दिनकर सिंह द्वारा 65 फर्जी परमिट तैयार करने के बाद रोजराचक से दीव के लिए परिवहन किया गया।

## होटल में घुसा दूध सप्लाई वाहन, 2 घायल

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत बिरसा मुंडा चौक पर शुक्रवार को सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दूध की सप्लाई करने वाला एक चार पहिया वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सडक किनारे कन्हैया होटल में जा घुसा। हादसे में होटल का एक कर्मचारी और चाय पीने पहुंचा एक ग्राहक घायल हो गया। लोगों के मुताबिक यदि उक्त घटना दिन चढते होती तो बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक चौक पर वाहन मोड़ रहा था, तभी अमूल दूध कलेक्ट करने वाली गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर सीधे सडक किनारे होटल के अंदर जा घुसी। टक्कर से होटल का काउंटर तथा अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया तो वहीं होटल का एक कर्मी व एक ग्राहक घायल हुआ।

# होली में 2-2 ट्रिप चलेगी स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारी सीजन होली पर्व के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति के मध्य 02-02 ट्रिप स्पेशल ट्रेन का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोचेस रहेंगे। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के दोनों दिशाओं में नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल ट्रेन दिनांक 27 फरवरी एवं 02 मार्च 2026 को रानी कमलापति स्टेशन से दोपहर 14:25 बजे प्रस्थान कर, 15:25 बजे नर्मदापुरम से, 15:55 बजे इटारसी से, 17:10 बजे पिपरिया से, 17:45 बजे गाडरवारा से, 18:25 बजे नरसिंहपुर से, 19:30 बजे जबलपुर पहुँचकर, 19:40 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेगी। तत्पश्चात 20:10 बजे सिहोरा रोड से प्रस्थान कर, 20:50 बजे कटनी से प्रस्थान कर, 21:40 बजे मैहर से, 22:15 बजे सतना से प्रस्थान करके अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 01668 दानापुर-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन दिनांक 28 फरवरी एवं 03 मार्च 2026 को दानापुर स्टेशन से 11:15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन मध्यरात्रि में 00:55 बजे सतना पहुँचकर, 01:00 बजे सतना से प्रस्थान कर, 01.28 बजे मैहर से, 02:30 बजे कटनी से, 03:13 बजे सिहोरा रोड से, 03:50 बजे जबलपुर पहुँचकर, 04.00 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेगी । तत्पश्चात 05:00 बजे नरसिंहपुर से प्रस्थान कर, 05:30 बजे गाडरवारा से, 06:00 बजे पिपरिया से, 07:10 बजे इटारसी से, 07:48 बजे नर्मदापुरम से प्रस्थान कर, सुबह 08:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

### इस रविवार को भी लगेगा जैविक हाट

## साग-सब्जियों के साथ फ्लेवर्ड गुड़ और मसाले रहेंगे उपलब्ध

**जबलपुर।** जैविक कृषि को अपनाने वाले किसानों को उनके उत्पादों को अच्छा बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जबलपुर कृषि उपज मंडी प्रांगण में प्रत्येक रविवार को लगाये जा रहे जैविक हाट में इस बार घी, फ्लेवर्ड गुड, सोंठ, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, च्यवनप्राश, अरहर दाल, मूंग दाल, नीबू की चटनी एवं नीबू का आचार तथा साग सब्जियां में मटर, ब्रोकली, गोभी, लौकी, भटा, गिलकी, मैथी, पालक और सरसों खरीदारों के लिये उपलब्ध रहेंगी। ऐसे उपभोक्ता जो अपने घर के किचन गार्डन में जैविक सब्जियां उगाना चाहते हैं, लेकिन किसी वजह से जैविक खाद या कीटनाशक नहीं बना सकते, उनके लिए भी जैविक हाट में जीवामृत, सूक्ष्म पोषक तत्व, जैव रसायन, नीमाअस्त्र, ब्रह्मास्त्र, बेल जैव रसायन जैसे जैविक खाद एवं कीटनाशक भी बाजार में उपलब्ध रहेंगे। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने बताया कि जैविक हाट में उत्पादों की अच्छी कीमत मिलने से किसानों में उत्साह है और अन्य किसानों में भी जैविक कृषि के प्रति रुचि और बढ़ने लगी है। आने वाले समय में जिले में जैविक खेती का रकबा बढ़ने की पूरी संभावना है। उन्होंने बताया कि जैविक हाट में लोगों की दिलचस्पी सप्ताह दर सप्ताह बढ़ती जा रही है और बढ़ी संख्या में यहाँ पहुँचकर रसायन मुक्त उत्पादों की खरीदारी कर रहे हैं।

## सूने मकान का ताला तोड़कर 1 लाख नगदी सहित जेवर चोरी

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत चौधरी मोहल्ला में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर सहित नगदी 1 लाख रुपए चोरी कर ले गया। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरी मोहल्ला पाटन निवासी 30 वर्षीय किसान अंकुश नंदेसरिया गत दोपहर लगभग 1 बजे परिवार सहित तारादेही बमनोदा रिश्तेदार में शादी समारोह में गया था जहां से दूसरे दिन दोपहर लगभग 12.30 बजे घर वापस आकर बाउण्ड्री में लगे गेट का ताला खोलकर अदंर गया तो उसके होश उड़ गए, मकान के दरवाजे का ताला टूटा था। अंदर रखी सभी अलमारियों के लॉक टूटे थे। मॉ कल्पना नंदेसरिया की आलमारी में रखे सोने का 1 मंगलसूत्र, 2 जोड़ी झाले, 4 अंगूठी, चांदी की 5 जोड़ी पायल और नगदी 1 लाख रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 (ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## आरआरसी प्रकरणों के निराकरण के लिये वित्त निगम 17 और 18 फरवरी को लगाएगा विशेष शिविर

**जबलपुर।** अतिरिक्त तहसीलदार मध्यप्रदेश वित्त निगम जबलपुर जोन के समक्ष सभी आरआरसी प्रकरणों के एक मुश्त निपटारे के लिये 17 और 18 फरवरी को जबलपुर में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर साउथ सिविल लाइन पचपेढ़ी स्थित मध्यप्रदेश वित्त निगम के जोनल कार्यालय में दोनों दिन सुबह 12 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया जाएगा। मध्यप्रदेश वित्त निगम इंदौर की प्रबंध संचालक श्रीमती वंदना वैद्य सभी ऋण गृहिताओं से शिविर में उपस्थित होकर निगम की एक मुश्त समझौता योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### निष्क्रिय पड़ी नगर इकाई में हलचल तेज, शहर पोस्टर-बैनरों से पटा

# युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का आज जबलपुर दौरा

हरिभूमि जबलपुर।

भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर आज जबलपुर प्रवास पर आ रहे हैं। उनके दौरे को लेकर शहर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। लंबे समय से निष्क्रिय दिख भारतीय जनता युवा मोर्चा की नगर इकाई में अचानक सक्रियता दिखाई दे रही है और शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों व इलाकों में स्वागत बैनर और पोस्टर बड़ी संख्या में लगाए गए हैं।

दरअसल, जबलपुर में युवा मोर्चा नगर इकाई का कार्यकाल समाप्त हो चुका है, जिसके चलते संगठन में नई नियुक्तियों को लेकर चर्चा तेज है। ऐसे में विभिन्न पदों के दावेदार इस दौरे को अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का अवसर मान रहे हैं और शक्ति प्रदर्शन में जुटे हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्याम टेलर का सुबह करीब 8 बजे डुमनाविमानतल पर आगमन प्रस्तावित है। यहां से



वे रैली के रुप में मा ल गो दा म चौक पहुंचेंगे जहां रघुनाथ शाह की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करेंगे उसके बाद रैली बंगाली क्लब पहुंचेगी, जहां विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करेंगे, यहां से रैली रानीताल कार्यालय पहुंचेगी जहां कार्यकर्ताओं से संवाद होगा और शाम 5.30 बजे मां नर्मदा जी की आरती में शामिल होंगे, रात 8 बजे मीसाबंदी परिवार से भेंट करेंगे। रात्रि विश्राम जबलपुर में करने के बाद अगले दिन प्रस्थान करेंगे। उनके स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा रैली और स्वागत मंच की तैयारियां की गई हैं। शहर के विभिन्न स्थानों पर उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद दिनभर संगठनात्मक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहेगा, जिसमें कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात, संगठनात्मक समीक्षा, पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठकें, और आगामी रणनीति को लेकर चर्चा शामिल है। बताया जा रहा है कि बैठकों का यह दौर देर रात तक चल सकता है, जिससे संगठन के भीतर नई ऊर्जा और दिशा तय होने की संभावना जताई जा रही है।

#### दावेदारों की सक्रियता बढ़ी

नगर इकाई के पुनर्गठन की संभावनाओं के बीच युवा नेताओं और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। विभिन्न गुटों द्वारा अपने-अपने स्तर पर बैनर-पोस्टर लगाकर और स्वागत कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी कर अपनी दावेदारी मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

### अपशिष्ट अब बोझ नहीं, बल्कि एक मूल्यवान संसाधन है : निगमायुक्त

## नगर निगम का 'वेस्ट टू एनर्जी' प्लांट स्वच्छता अभियान की सफलता के लिए बनेगा वरदान

**जबलपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नगर निगम ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। शहर को कचरा मुक्त बनाने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने में 'वेस्ट टू एनर्जी' प्लांट मील का पत्थर साबित हो रहा है। यह प्लांट न केवल शहर की गंदगी को साफ कर रहा है, बल्कि प्रतिदिन 800 टन से अधिक कचरे का वैज्ञानिक रूप से निस्तारण कर 11.5 मेगावाट बिजली का उत्पादन भी कर रहा है। यह कचरा प्रबंधन का एक ऐसा मङ्कडल है जहाँ अपशिष्ट अब बोझ नहलृ, बल्कि एक मूल्यवान संसाधन बन गया है। प्लांट का निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने निगम अधिकारियों अपर आयुक्त अरविन्द शाह, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक यंत्री एवं स्वच्छता सेल के सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, संभागीय अधिकारी प्रदीप मरावी, संभागीय यंत्री देवेन्द्र चौहान, पवन सिंह ठाकुर, आशीष पाटकर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, पोला राव, एवं कम्पनी के प्रतिनिधियों क्रमशः शीतेष पाण्डेय, नरेन्द्र सहारे, रोमेश त्रिपाठी आदि के साथ प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्लांट की कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा और बिजली उत्पादन की प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर निगम का यह वेस्ट टू एनर्जी प्लांट पूरी क्षमता से कार्य कर रहा है यह स्वच्छता अभियान की सफलता के लिए वरदान बनेगा। उन्होंने कम्पनी के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि दिन–रात प्लांट चालू कर एकत्रित कचरे का निष्पादन वैज्ञानिक तरीके से शीघ्रता के साथ कराएँ।



निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त श्री अहिरवार ने मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी प्लांट को देखा जहाँ कचरे को अलग–अलग श्रेणियों में बांटा जाता है, इसके साथ–साथ सी एण्ड डी प्लांट का भी अवलोकन किया जहाँ निर्माण और विध्वंस से निकलने वाले मलबे का प्रबंधन किया जाता है। उन्होंने डङ्कग हाउस में डॉग के लिए बनाई गई व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्लांट में निर्मित हो रहे पेवर ब्लॉक के साथ–साथ अनुपयोग प्लास्टिक का री–यूज आदि कार्यो को भी देखा। प्लांट संचालन तथा व्यवस्थाओं को देखकर सराहना की। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पूरे प्लांट परिसर में व्यवस्थाएं चाक–चौबंद रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता हमारी प्राथमिकता है और इस प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहलृ की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत ग्राम घनघौर बहेरिया में सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दरोली थाना तेंदुखेड़ा जिला दमोह निवासी 25 वर्षीय श्रीनाथ अहिरवार को गत 31 जनवरी को ग्राम घनघौर बहेरिया के बीच सड़क दुर्घटना में घायल होने पर उपचार हेतु मामा प्रकाश चौधरी द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान गत शाम लगभग 7 बजे श्रीनाथ अहिरवार की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है ।

### सार्वजनिक लेखा में स्थानांतरित नहीं किए करोड़ों रुपए

# स्वास्थ्य उपकर पर जवाबदेही को लेकर कैग की गंभीर टिप्पणी


**जबलपुर।** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक(कैग) की नवीनतम ऑडिट रिपोर्ट ने स्वास्थ्य उपकर को लेकर वित्त मंत्रालय की जवाबदेही पर गंभीर सवाल उठाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018-19 से 2023-24 के दौरान 43,426.35 करोड़ रूपए की स्वास्थ्य उपकर राशि को सार्वजनिक लेखा मे स्थानांतरित नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2023-24 में भी वित्त मंत्रालय द्वारा 4,013.25 करोड़ रुपए के स्वास्थ्य उपकर का आंशिक हस्तांतरण किया गया। कैग की रिपोर्ट संख्या 16 के 2025 (वित्त वर्ष 2023-24 से संबंधित) में यह भी कहा गया है कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अवसंरचना जैसे विशेष उद्देश्यों के लिए लगाए गए उपकरों के प्रबंधन में गंभीर खामियां हैं। कैग के अनुसार, "वित्त वर्ष 2023-24 में उपकर एवं अधिभार के अंतर्गत कुल संग्रह 4,88,316 करोड़ रुपए रहा।" यह राशि सकल कर प्राप्तियों का 14.09 प्रतिशत है, जिसे राज्यों के साथ साझा नहीं किया जाता है जो जीएसटी मुआवजा उपकर को छोड़कर है। हालांकि कैग ने बार-बार यह आपत्ति उठाई है कि सरकार ने लंबे समय तक स्वास्थ्य उपकर के लिए अलग लेखा शीर्ष नहीं बनाया और पूरी राशि को भारत की समेकित निधि में ही बनाए रखा, जो संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत है। मार्च 2021 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि के लिए सार्वजनिक लेखा में अलग रिज़र्व फंड को मंजूरी दी गई, इसके बावजूद स्वास्थ्य उपकर का पूरा हस्तांतरण नहीं किया गया। जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया ने केंद्र सरकार से मांग की है कि वह वर्ष 2018-19 से 2023-24 के दौरान स्वास्थ्य उपकर को सार्वजनिक लेखा में स्थानांतरित न करने के मुद्दे पर स्पष्ट जवाब दे। यह अत्यंत चिंताजनक है कि मार्च 2021 में रिज़र्व फंड के गठन के बाद भी, स्वास्थ्य उपकर का पूरा हस्तांतरण नहीं किया गया। 31 मार्च 2023 तक 39,413.23 करोड़ रुपए और 31 मार्च 2024 तक यह राशि बढ़कर 43,426.35 करोड़ रुपए हो गई। ऐसी स्थिति में यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता कि स्वास्थ्य उपकर का उपयोग वास्तव में स्वास्थ्य उद्देश्यों के लिए ही किया गया। जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक अमूल्य निधि एवं राज कुमार सिन्हा ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कैग द्वारा रिपोर्ट की गई स्वास्थ्य उपकर की आंशिक कटौती संविधान के अनुच्छेद 266(2) के विरुद्ध है। 4,013.25 करोड़ रुपए की राशि को रोके जाने से प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि को आवश्यक संसाधनों से वंचित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि कैग एवं संसद की लोक लेखा समिति को ऐसे मामलों पर कड़ा रुख अपनाना चाहिए।

### किसान सात मार्च तक करा सकेंगे अपना पंजीयन

# समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये सात फरवरी से प्रारंभ होगा किसानों का पंजीयन

**जबलपुर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन शनिवार 7 फरवरी से प्रारंभ होगा। जिले के किसान समर्थन मूल्य पर गेहूँ का विक्रय करने 7 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। किसानों का पंजीयन ऑनलाइन होगा और उन्हें पंजीयन के लिये सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। समर्थन मूल्य पर गेहूँ का विक्रय करने किसान अपने मोबाइल से एमपी किसान एप के माध्यम के जरिये निःशुल्क पंजीयन करा सकेंगे। इसके अलावा ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर तथा सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर किसानों के पंजीयन निःशुल्क पंजीयन पंजीयन की व्यवस्था की गई है। जबकि, एम पी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर किसान निर्धारित शुल्क चुका कर अपना पंजीयन करा सकेंगे।

### सिकमी, बटाईदार एवं वन-पट्टाधारी किसानों के पंजीयन के लिये 2 फरवरी के पूर्व हुये अनुबंध ही मान्य होंगे



सिकमी या बटाईदार एवं वनपट्टाधारी श्रेणी के किसानों का पंजीयन सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केंद्रों पर किया जायेगा। ऐसे किसानों को पंजीयन केन्द्र पर आधार संबंधी दस्तावेज, आधार नंबर से पंजीकृत मोबाईल नंबर तथा सिकमी अथवा बटाई अनुबंध की प्रति साथ में लेकर पंजीयन केंद्र पहुंचना होगा। किसान द्वारा प्रस्तुत सिकमी अथवा बटाई अनुबंध की प्रति ऑपरेटर द्वारा स्कैन कर ई-उपार्जन पोर्टल अपलोड करने पर ही पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण हो सकेगी।

जिले के प्रभारी आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि पंजीयन नीति में सिकमी या बटाईदार किसानों को सिकमी अथवा बटाई अनुबंध 2 फरवरी के पूर्व की अवधि में पंजीकृत होने पर ही मान्य किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। सिकमी अथवा बटाईदार किसान द्वारा प्रस्तुत सिकमी अनुबंध में उल्लेखित मूल भू-स्वामी का समग्र एवं आधार नबंर ई-उपार्जन पोर्टल पर दर्ज किया जायेगा तथा मूल भू-स्वामी का ओटीपी या बायोमेट्रिक से प्रमाणीकरण किया जाएगा। संयुक्त खाता होने पर किसी एक भू-स्वामी का ओटीपी अथवा बायोमेट्रिक से प्रमाणीकरण होगा।

जिला आपूर्ति नियंत्रक के मुताबिक सिकमी एवं बटाईदार संरक्षण अधिनियम, 2016 की कण्डिका 4.2 में यह प्रावधान है कि सिकमी अनुबंध की एक-एक प्रति उप पक्षकारों द्वारा अपने पास रखी जाएगी और एक प्रति तहसीलदार को प्रस्तुत की जा सकेगी। उन्होंने सिकमी एवं बटाईदार कृषकों से समर्थन मूल्य पर अपनी उपज का विक्रय करने के लिये 10 फरवरी के पूर्व संबंधित तहसीलदार के समक्ष सिकमी अनुबंध की प्रति प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है।

## शादी में शामिल होने गया परिवार, सूने घर को चोरों ने किया साफ

**जबलपुर।** खमरिया थानांतर्गत पिपरिया में परिवार सहित विवाह समारोह में गए एक व्यक्ति के सूने घर में चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पुलिस के अनुसार इस मामले में पीड़ित पिपरिया शराब दुकान के सामने मेन रोड पर रहने वाले 49 वर्षीय विनोद लखेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई। विनोद ने पुलिस को बताया कि वह फ्लावर डेकोरेशन का कार्य करता हैं एवं घर के सामने छोटी सी पान-गुटखा की दुकान हैं। बुधवार शाम करीब साढ़े 5 बजे विनोद सपरिवार अपनी भांजी की शादी में सिलौडी जिला कटनी गए थे। गुरुवार दोपहर 12 बजे लौटे तो घर के मेन गेट खोल कर घुसने पर दरवाजे का ताला टूटा मिला। दरवाजा खुला हुआ था। सोफे पर दुकान के पैसे रखने का स्टील का पैसा रखा हुआ था जो खुला मिला और पैसा गायब था। नीचे कमरे में माताजी की पेटी खुली पड़ी थी सामान बिखरा हुआ था। घर की प्रथम मंजिल पर स्थित कमरे की अलमारी खुली हुई थी जिसका लॉकर खुला पड़ा था। दुकान के डिब्बे में रख कर 7 हजार नगद एवं पेटी से 17 हजार रुपए नगद एवं चांदी का गुच्छा, एक जोड़ी पतली पायल, चार नग चांदी की चूड़ी, 6 नग चांदी के सिक्के एवं कमरे की अलमारी में रखे 12 हजार नगद, चांदी की पायल, 4 जोड़ी चांदी की बिछिया, पांच नग चांदी की चूड़ी एवं सोने का छोटा मंगल सूत्र गायब था। रिपोर्ट पर धारा 331(4),305 (ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# भगवान का नाम ले लिया तो जीवन तर जाएगा

## सिद्धचक्र महामंडल विधान में मुनि प्रमाण सागरजी के प्रवचन

**जबलपुर।** भगवान की भक्ति से विषयों का अनुराग घटता है,यह कर्म निर्जरा का सबसे बड़ा साधन है उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने संस्कृत भाषा में निवद्ध श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के सांतवे दिवस धर्मसभा में व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि आप लोग त्याग, तपस्या, व्रत, उपवास, दान, पूजा नहीं कर सकते तो कोई बात नहीं, लेकिन भगवान का नाम तो ले सकते हो, यदि आपने मन से भगवान का नाम ले लिया तो भी आपका जीवन तर जायेगा₹उन्होंने कहा कि भगवान का नाम मात्र ही हमारे कर्म क्षय का कारण बनता है,जैसे जैसे अर्घ्य बढ़ रहे है वैसे वैसे आपकी भक्ति बढ़ रही है, और भगवान के नाम का स्मरण हो रहा है, और आपके कर्म झड़ रहे है, मुनि श्री ने कहा कि आपका उत्साह बता रहा है कि आप लोगों को इस संस्कृत भाषा के विधान में आनंद आ रहा है..मुनि श्री ने कहा कि यह मनुष्य पर्याय की दुर्बलता है कि भगवान का नाम लेते लेते देह चिंता भी सताती है! भगवान से प्रार्थना करो कि जब मैं आपकी शरण में आऊँ तो मैं आपका बन जाऊँ, भाव विशुद्धी युक्त अनुराग का नाम ही तो भक्ति है ₹भक्ति₹ तो परम प्रेम रुपा अमृत के समान है उन्होंने कहा कि सांसारिक प्रेम परिस्थितियों के अनुसार घटता बढ़ता



रहता है, लेकिन भगवान के प्रति जो प्रेम करता है वह पवित्र प्रेम यदि एक बार चढ़ जाये तो वह फिर उतर नहीं सकता उन्होंने कहा कि भगवान से प्रार्थना करो भले ही यह विधान समाप्त हो जाये लेकिन आप कुछ ऐसा जादू कर दो कि जो भक्ति का रंग इन आठ दिनों में मेरे ऊपर चढ़ा है वह चढ़ा रहे,और में सिर्फ सिर्फ आपका ही बन कर रहूं, मुनि श्री ने कहा कि जब भगवान के प्रति राग बढ़ता है तभी हमारी भक्ती सार्थक होती है,और विषयों से अनुराग घटता है,मुनि श्री ने कहा कि में यह नहीं कह रहा कि आप लोगों में भगवान की भक्ती नही है, भक्ती तो है, लेकिन भगवान से कही अधिक अनुराग अन्य वस्तुओं से है, उन्होंने कहा कि ₹एक भक्त भगवान के पास आया और बोला भगवन् मैं आपसे बहुत प्रेम करता हुं, लेकिन आप मेरे से प्रेम क्यों नहीं करते? ₹भगवान ने प्रकट होकर कहा कि मैं तुझसे प्रेम करने को तैयार हूं, लेकिन तुम पहले तय कर लो कि तुम सिर्फ मुझसे प्रेम करते हो किसी और से नहीं ₹उन्होंने कहा कि जिस दिन तेरा समग्र प्रेम मुझ पर केंद्रित हो जाएगा मैं तुझे अपना लूंगा। मुनि श्री ने कहा कि भगवान भी देख रहे है कि तुम मुझसे प्रेम नहीं सिर्फ प्रेम का नाटक करते हो जिस दिन तुम्हारा प्रेम भगवान के प्रति समर्पित हो जाएगा तो वह भी तुम्हें अपना लेगा।

### जबलपुर में पहली बार चांदी के रथ और पालकी पर विराजमान श्रीजी की शोभायात्रा कल

राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं स्थानीय प्रचार मंत्री सुवोध कामरेड ने बताया 8 फरवरी रविवार को श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन होने जा रहा है। इस अवसर प्रातः9 बजे से भगवान जिनेन्द्र देव की शोभायात्रा टेलीग्राफ ग्राउंड से प्रारंभ होगी जो कि जबलपुर के इतिहास में पहली बार होगी इसमें चांदी के तीन रथ एवं 122 चांदी की पालकी में श्री जी विराजमान होंगे जिसे सभी भक्त श्रद्धालु अपने कांधे पर ले जायेंगे। यह शोभायात्रा मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज मुनि संधानसागर महाराज क्षु. आदर्श सागर, क्षु.समादर सागर क्षु. चिद्रूप सागर क्षु.स्वभाव सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में प्रातः9 बजे से प्रारंभ होगी, जो गढ़ाफाटक, बड़ा फुहारा लार्डगंज थाना सुपर मार्केट, गोलबाजार,रानीताल चौक से होती हुये कार्यक्रम स्थल टेलीग्राफ ग्राउंड पर वापिस आयेगी। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया संघस्थ मुनि श्री संधानसागर महाराज ने उत्कृष्ट साधना करते हुये कैशलोंच किया एवंउनका उपवास रहा।

# अरशद उस्मानी ने जीता रजत पदक



**जबलपुर।** हाल ही में अजमेर राजस्थान में सातवीं नेशनल मास्टर एथलेटिक प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें नगर के एथलीट मो. अरशद उस्मानी ने रजत पदक जीता। केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान होमगार्ड मंगेली के हवलदार अनुदेशक के पद पर कार्यरत हैं। यह प्रतियोगिता पटेल स्टेडियम अजमेर में 30 जनवरी से 02 फरवरी तक संपन्न हुई, जिसमें श्री उस्मानी ने लम्बी कूद में अपना पुराना इतिहास दोहराया और रजत पदक जीतकर जबलपुर का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर कमांडेंट प्रीतिबाला सिंह, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट सीआई विनय कैथवास, एसआई पूजा गोंड, एसआई जितेन्द्र पटेल, एएसआई राहुल गुप्ता, एसआई मेहरा एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया और बधाई प्रेषित की।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने के लिये रूपये नहीं मिलने पर वृद्ध के साथ मारपीट

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत गाजीनगर में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर एक बदमाश ने एक वृद्ध के साथ गालीगलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गाजीनगर निवासी 64 वर्षीय मुन्ना अली के घर गत रात लगभग 11.50 बजे उसके परिचित के गोलू उर्फ घोड़ा ने आवाज देकर घर के बाहर बुलाया और शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगा, मना करने पर गालीगलौज व मारपीट कर छाती, पसली एवं पीठ में चोटें पहुंचा दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296 (बी), 115(2), 119(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### जुए के फड़ पर छापा

**जबलपुर।** लार्डगंज पुलिस ने संजय नगर रोड किनारे स्ट्रीट लाईट के उजाले में चल रहे एक जुए के फड़ पर छापा मारकर दो जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 7 हजार 590 रूपये जप्त किये। लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि गत दिवस संजय नगर रोड किनारे स्ट्रीट लाईट के उजाले में जुआ मन्ना खेल रहे जीरो डिग्री निवासी 41 वर्षीय मनोज पटेल उर्फ मुन्ना एवं संजयनगर यादव कालोनी निवासी राजेन्द्र यादव को गिरफ्तार कर उनके पास से नगद 7 हजार 590 रूपये जप्त करते हुये धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

### शराब के नशे में आधा दर्जन वाहनों में की तोड़फोड़

**जबलपुर।** पनागर थानांतर्गत अम्मू पांडे का बाडा में गुरुवार की देर रात एक युवक ने शराब के नशे में उत्पात मचाते हुए एक के बाद एक दोपहिया सहित 6 वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। तथाकथित युवक द्वारा जिन वाहनों को निशाना बनाया गया उनमें ज्यादातर भाजपा संगठन से जुड़े पदाधिकारी बताए जा रहे हैं।इनमें भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल गौतम, अतुल त्रिपाठी जिला मंत्री, शुलभ गौतम पूर्व महामंत्री, भाजपा वार्ड पार्षद प्रियंका शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष सचिन पांडेय सहित एक अन्य वाहन शामिल हैं। जिनके वाहनो में तोड़फोड़ की गई है, उनके मना करने पर शराबी ने सभी को झूठे मामले में फंसाने और कोर्ट आने पर मारपीट करने की धमकी भी दी है। बताया जा रहा है कि सभी वाहन पनागर के अम्मू पांडे के बाड़े में खड़े थे। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। पीड़ित वाहन स्वामियों द्वारा थाना प्रभारी पनागर को शिकायत दर्ज कराई गई है। इधर, इस मामले से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज सामने आया जिसमें एक व्यक्ति द्वारा वाहनों में तोड़फोड़ करते दिखाई दे रहा है। पनागर पुलिस ने फुटेज तथा वाहन मालिको की शिकायत पर आरोपी आदर्श पाण्डे के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी फरार बताया जाता है।

### आधारताल 'संकल्प से समाधान' शिविर में कांग्रेसजनों ने ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** सरकार एवं नगर निगम प्रशासन द्वारा संकल्प से समाधान जनसमस्या निवारण शिविर नगर निगम आधारताल जोन कार्यालय द्वारा कटरा खेरमाई मंदिर में आयोजित किया गया। इस शिविर में नगर निगम आधारताल जोन कार्यालय के संभागीय अधिकारी श्री मिश्रा को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चमन पासी के नेतृत्व में जग्गू केशवानी, गंगासिंह ठाकुर, संदीप पटेल, शिवप्रसाद केवट, कल्लू रैकवार, बंटी रैकवार, विनोद शर्मा सहित अन्य ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे के बाद लिस्ट में नाम आ जाने के उपरांत भी नागरिकों को नगर निगम से आज तक आर्थिक सहायता प्रदान नहीं की गई। राशन के लिए फार्म भरने के बाद भी पात्रता पर्ची नहीं दी गई। वहीं आधारताल हॉकर्स जोन का अधूरा कार्य पूरा किया जाए, जैसी अनेक समस्याओं का उल्लेख किया गया।

# शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय मझोली में किया गया "परीक्षा पे चर्चा 2026" का प्रसारण

**मझोली।** शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मझोली में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के "परीक्षा पे चर्चा 2026" कार्यक्रम का सफलतापूर्वक प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में विधायक अजय विश्नोई निर्धारित समय पर विद्यालय पहुंचे और विद्यार्थियों के बीच बैठकर कार्यक्रम का अवलोकन किया।



प्रसारण उपरांत विधायक महोदय ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण एवं चुनौतियों को सकारात्मक रूप से अपनाने विषय पर प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या दिनेश चौरसिया, विधायक प्रतिनिधि हेमंत मिश्रा, मंडल अध्यक्ष मुकेश सेन तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी अतुल चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बीईओ अतुल चौधरी द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता हेतु मार्गदर्शन दिया गया एवं उनके प्रश्नों के सरल उत्तर दिए गए। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती संगीता राय, माध्यमिक प्रभारी अजय रैकवार, प्राथमिक प्रभारी राकेश कनोजिया सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र कुमार तिवारी एवं श्रीकांत विश्वकर्मा द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन अकादमिक प्रभारी श्रीमती ऋतुराज गोस्वामी ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम प्रेरक एवं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी रहा।

# पर्सनल एवं प्रोफेशनल एक्सीलेंस बढ़ाने आयोजित की कार्यशाला

**नेतृत्व विकास की दिशा में जनरेटिंग कंपनी की एक पहल**

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा अपने अभियंताओं व कार्मिकों के लिए पर्सनल एवं प्रोफेशनल एक्सीलेंस विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन नयागांव स्थित कंपनी के प्रशिक्षण संस्थान में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य कार्मिकों की व्यवहारिक दक्षताओं, नेतृत्व क्षमता व टीमवर्क कौशल को सुदृढ़ करना था, जिससे कम्पनी कार्यक्षमता को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में कंपनी के विभिन्न विभागों से कुल 67 अभियंताओं व कार्मिकों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रशिक्षण सत्र को करियर काउंसलर एवं कॉर्पोरेट ट्रेनर मनीषा आनंद ने संबोधित किया।



उन्होंने कार्मिकों को विविध टीम बिल्डिंग गतिविधियों, संवादात्मक अभ्यासों व व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से व्यावहारिक एवं नेतृत्व विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मॉडल एवं सिद्धांतों से परिचित कराया। सत्र के दौरान आत्म-विकास, प्रभावी संचार, सहयोगात्मक कार्यशैली एवं पेशेवर उत्कृष्टता जैसे विषयों पर विशेष बल दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता मानव संसाधन एवं प्रशासन दीपक कश्यप ने कहा कि कंपनी का दृष्टिकोण केवल तकनीकी दक्षता तक सीमित नहीं है, बल्कि कंपनी अपने मानव संसाधन को निरंतर सीखने एवं कौशल उन्नयन की दिशा में प्रेरित करती है। उन्होंने बताया कि कंपनी के कार्मिक न केवल अपने-अपने तकनीकी क्षेत्रों में दक्ष हैं, बल्कि व्यक्तिगत एवं पेशेवर विकास के पथ पर भी निरंतर अग्रसर हैं। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कंपनी के कार्मिकों में सकारात्मक कार्य संस्कृति के निर्माण एवं नेतृत्व क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की निरन्तरता पर बाल देते हुए कहा की व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम आवश्यक हैं और इन्हें समय-समय पर आयोजित किया जाना चाहिए। डायरेक्टर सुबोध निगम व मिलिन्द भांदक्कर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता पर कंपनी के प्रशिक्षण प्रकोष्ठ को बधाई व शुभकामना दी।



# एमपी ट्रांसको में स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के आष्टा 132 केवी सबस्टेशन, सतवास में क्लस्टर (कन्नौद, खातेगांव एवं सतवास उपकेंद्र) के अंतर्गत कार्यरत सभी नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कार्यपालन अभियंता योगेन्द्र चहार के विशेष प्रयासों से आयोजित किया गया। शिविर में सतवास के मेडिकल ऑफिसर डॉ. राहुल ने कर्मचारियों को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) सहित प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की। उन्होंने सीपीआर देने की परिस्थितियों, उसकी सही विधि एवं इसके व्यावहारिक महत्व को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया।

# अवैध शराब बेचने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना पुलिस ने 72 पाव देसी शराब सहित 3 आरोपियों को धरदबोचा। आरोपियों के कब्जे से 2 हजार रुपए, 1 तलवार एवं घटना में प्रयुक्त 4 मोबाइल और 1 एक्सिस वाहन जब्त किया। पुलिस के अनुसार आरोपी संगठित गिरोह बनाकर अवैध शराब का कारोबार करते थे। टीआई गोरखपुर नितिन कमल ने बताया बुधवार को पेट्रोलिंग के दौरान छोटी लाइन में एक्सिस से दो युवक पुलिस को देख महानद्दा की तरफ भागने लगे। घेराबंदी कर आरोपी पोलीपाथर निवासी 19 वर्षीय सनी चौधरी एवं 21 वर्षीय रितिक चौधरी के कब्जे से एक्सिस वाहन में रखी हरी रंग के बैग में करीब 7 हजार 6 सौ रुपए की 72 पाव देसी शराब जब्त की गई। आरोपियों ने बताया कि वे ग्वारीघाट निवासी आरोपी विशाल यादव के लिए विगत एक वर्ष से शराब परिवहन का कार्य करते हैं। आरोपी विशाल के द्वारा मोबाइल पर बताए स्थान पर शराब पहुंचाने पर 5 सौ रुपए प्रतिदिन का मिलता हैं। आरोपी विशाल के कहने पर आरोपी सुमित अहिरवार, राज यादव, संजू उर्फ लंगड़ा पटेल काली मंदिर के पास ग्वारीघाट के पास शराब वितरित करते हैं। बुधवार को दोनों आरोपी विशाल के कहने पर शराब लेकर आए थे। पुलिस के अनुसार उक्त आरोपी संगठित गिरोह बनाकर अवैध शराब का कारोबार कर रहे हैं। दोनों आरोपियों के कब्जे से 72 पाव देशी शराब एवं नगदी 2 हजार रूपये तथा घटना मे प्रयुक्त 2 मोबाईल एवं एक्सिस जब्त करते हुये आरोपी सनी चौधरी, रितिक चैधरी विशाल यादव निवासी ग्वारीघाट, सुमित अहिरवार, राज यादव, संजू उर्फ लंगडा पटेल के विरूद्ध धारा 34(1),42 आबकारी एक्ट एवं 112(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए शेष आरोपियों की तलाश की गई। विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर बादशाह हलवाई मंदिर के पास दबिश देते हुये आरोपी बादशाह हलवाई मंदिर, ग्वारीघाट निवासी 35 वर्षीय विशाल यादव को अभिरक्षा मे लेते हुये सघन पूछताछ करने पर उसने स्वीकारा कि वह आरोपी सनी को रुपये देकर अवैध रूप से शराब का परिवहन कराते हुये अवैध शराब का कारोबार करता हैं। तलाशी लेने पर आरोपी विशाल यादव के पास 2 मोबाईल एवं घर में एक तलवार रखे मिला। आरोपी विशाल यादव के कब्जे से 2 मोबाईल एवं 1 तलवार जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ गोरखपुर थाने में धारा 34(1), 42 आबकारी एक्ट एवं 112(2) बीएनएस में विधिवत गिरफ्तार करते हुये पृथक से धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी विशाल यादव शातिर अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति हैं जिसके विरुद्ध पूर्व से बलवा कर हत्या, अवैध वसूली एवं आबकारी एक्ट के 17 अपराध पंजीबद्ध हैं। आरोपियों की धरपकड़ में सहायक उप निरीक्षक रावेन्द्र तिवारी, आरक्षक अर्पित, दीपक भदौरिया की सराहनीय भूमिका रही।



# लगाया गया संबल योजना का निःशुल्क ऑन लाइन पंजीयन शिविर

मझौली। नवांकुर संस्था आदिवासी जन कल्याण एवं बाल उत्थान समिति, धनगवां के तत्वावधान में ग्राम पंचायत धनगवां में निःशुल्क संबल योजना ऑनलाइन पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम क्षेत्र के असंगठित श्रमिकों एवं पात्र हितग्राहियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।आयोजित शिविर के दौरान कुल 55 श्रमिकों का निःशुल्क ऑनलाइन पंजीयन संस्था के माध्यम से संपन्न कराया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य असंगठित श्रमिक वर्ग को राज्य शासन की संबल योजना से जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना रहा।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती शोभा भैयाजी सेन एवं सहायक सचिव श्री बलराम सेन की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं आदिवासी जन कल्याण एवं बाल उत्थान समिति के अध्यक्ष श्री नीरज चौधरी, सचिव श्रीमती विनीता आदिवासी तथा कार्यकर्ता श्री शेखर भूमिया द्वारा ऑनलाइन पंजीयन की संपूर्ण प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराई गई।

# जल कर के रुप में बढ़ाई गई राशि वापस लेने की मांग

## कांग्रेस पार्षद दल ने नपा कार्यालय के बाहर दिया धरना

**सिहोरा।**

नगर पालिक द्वारा गत दिवस एक आदेश जारी कर जलकर को 60 से बढ़ाकर 120 किया गया है। इस बढे हुए कर को वापस लेने कांग्रेस पार्षद दल ने ब्लाक कांग्रेस के तत्वावधान में नगर पालिका कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया एंव धरना दिया तथा मटके फोड़े और कहा की यह जलकर की बढ़ोत्तरी नगर के हित में नहीं है अगर कुछ राशी बढ़ाना ही तो पहले परिषद की बैठक बुलाई जाये फिर कोई भी निर्णय लिया जाये। इस संबंध में एक तरफा निर्णय लेकर लिया गया है ये विषय न ही परिषद से पास है और न ही सभी पार्षदों से इस विषय पर सहमति ली गयी है। पार्षद दल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि नगर पालिका की बैठक आहूत की जावे सभी पार्षदों की सहमति प्राप्त होने पर डी जलकर बढाया जाये। तब तक के लिए ये बढ़ा चलकर टाला जाये। अगर राशी नहीं घटाई जाती तो कांग्रेस आन्दोलन करने बाध्य होगी। इस पूरे प्रदर्शन में कांग्रेस पार्षदों की एकता देखने को मिली और जल कर की बढ़ी राशी वापस लेने कांग्रेस ने मिलकर प्रदर्शन किया।



### क्या है मामला

नर्मदा नल-जल योजना 1 जनवरी 2025 से नगरपालिका को हैंडओवर हुई है। उसी के तहत नगर पालिका ने 1 फरवरी से 60 रुपये प्रतिमाह लिये जा रहे है। जिन घरों में केवल नदी के जल की आपूर्ति है उनसे पूर्ववत 60 रुपये ही लिए जा रहे जबकि दोनों कनेक्शन होने पर 120 रुपये लिए जा रहे हैं । इसमें कांग्रेस पार्षदों का कहना है की अभी नर्मदा जल की सप्लाई पूरी तरह से काम नहीं कर रही है इसलिए इसका जल कर लेना गलत है सिहोरा खितौला में अनेक घरों में न तो पानी आ रहा और न ही कनेक्शन हुए हैं। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष बिहारी पटेल,पार्षद कांग्रेस महासचिव राजेश चौबे,अमोल चौरसिया,आलोक पांडे,बाबा कुरेशी,रमेश पटेल,प्रकाश कुररिया,मंजू मिश्रा अरशद खान,माधुरी दाहिया,गणेश दाहिया,ममता गोटिया,सोहन मिश्रा,मनीष खम्परिया,सोयल मिश्रा,ओम नारायण श्रीवास्तव,पवन सोनी,के के दुबे, डब्बू पाठक,शेख साबिर,बलराम तंतुवाय,राम लोचन गोटिया,रमा चौरसिया,शंकर वंशकार आदि उपस्थित थे।




**श्री रतन सिंह-** पवन विला ड्यूपलेक्स हाथीताल निवासी श्री रतन सिंह (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती जानकी थापा-** गांधी भवन टाउन हाल विक्टोरिया अस्पताल के पास निवासी श्री गंगा बहादुर थापा की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी थापा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय चौधरी-** घमापुर सरकारी कुआं चौधरी मोहल्ला निवासी श्री विजय चौधरी के पुत्र श्री संजय चौधरी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सरोज श्रीवास्तव-** नेता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज श्रीवास्तव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय कुमार तिवारी-** पूर्वी करियापाथर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री विजय कुमार तिवारी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उर्मिला झा-** चुंगी चौकी कांचघर निवासी श्री रामचंद्र झा की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला झा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गनेशी बाई-** जोगी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री तीरथ प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती गनेशी बाई (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री ओम कुमार सोनी-** सन सिटी अधारताल निवासी श्री ओम कुमार सोनी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष कुमार गुप्ता-** पूर्वी घमापुर कांचघर निवासी श्री संतोष कुमार गुप्ता (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नीलेश विनोदिया-** गोरा बाजार प्रायमरी स्कूल के पास निवासी श्री ज्ञानचंद विनोदिया के पुत्र श्री नीलेश विनोदिया (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मनोरमा राना-** लालमाटी कछियाना द्वारका नगर निवासी श्री नर्मदा प्रसाद राना की धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा राना (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गंगा बाई सैयाम-** पोलीपाथर मुंडा क्वाटर्स निवासी श्री सोने सिंह सैयाम की धर्मपत्नी श्रीमती गंगा बाई सैयाम (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बबलू कोरी-** भोला नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री बबलू कोरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- ... से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- ... से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज ... से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

# मोबाइल से निजी वीडियो चुराने वाले आरोपी पर पुलिस ने की मामूली कार्यवाही

## मोहखेड़ थाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

मोहखेड़ ब्लॉक में एक बड़े राजनीतिक नेता के पुत्र से जुड़े गंभीर मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। आरोप है कि एक बड़े मामले में मोहखेड़ पुलिस द्वारा असामान्य नरमी बरती गई और गंभीर आरोपों के बावजूद मामूली धाराओं में प्रकरण दर्ज कर मामले का पटाक्षेप कर दिया गया।



पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर अब उसकी निष्पक्षता और कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।सूत्रों के अनुसार यह मामला छिंदवाड़ा में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहे नेता पुत्र से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि उसके कुछ मित्रों द्वारा उसे ब्लैकमेल किया जा रहा था। जानकारी के अनुसार एक निजी वीडियो को लेकर उससे पैसों की मांग की जा रही थी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। जब परिजनों को इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी हुई तो आनन-फानन में मोहखेड़ थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई।

शिकायत के बाद पुलिस ने सांवरी क्षेत्र के पांच युवकों को हिरासत में लिया। पुलिस जांच में यह बात सामने आने की चर्चा है कि आरोपी युवक निजी वीडियो के माध्यम से ब्लैकमेलिंग कर रहे थे। हालांकि, इसके बावजूद पुलिस ने मामले में गंभीर धाराएं न जोड़ते हुए अपेक्षाकृत हल्की धाराओं में केस दर्ज किया, जिससे पूरे घटनाक्रम पर सवाल खड़े हो रहे हैं।


सूत्रों का यह भी दावा है कि थाने में आरोपियों के साथ असामान्य व्यवहार किया गया। बताया जा रहा है कि जब आरोपी युवक थाने से बाहर निकले तो उनके हाथ और चेहरे पर सूजन दिखाई दी। वहीं, सांवरी के रहने वाले पांच में से दो आरोपी कथित तौर पर भूमिगत हो गए हैं। स्थानीय लोगों और जानकारों के बीच यह चर्चा आम है कि प्रभावशाली परिवार से जुड़े होने के कारण मामले को दबाने का प्रयास किया गया।

कहा जा रहा है कि गंभीर आरोपों के बावजूद न तो सख्त धाराएं लगाई गईं और न ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के संकेत दिखाई दिए। आरोप यह भी हैं कि माफीनामा और आपसी समझौते के आधार पर पुलिस को संतुष्ट कर प्रकरण को कमजोर किया गया।

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर एक और गंभीर पहलू यह सामने आ रहा है कि ऐसे मामलों में अक्सर यह कहकर समझौता करा दिया जाता है कि शिकायत आगे बढ़ने से पीड़ित परिवारों की सामाजिक बदनामी होगी। बदनामी के डर को हथियार बनाकर न्याय की प्रक्रिया को बीच में ही रोक देने की प्रवृत्ति पर भी सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। आमजन यह जानना चाहते हैं कि क्या कानून सबके लिए समान है या फिर प्रभावशाली लोगों के मामलों में नियम अलग हो जाते हैं। अब देखना होगा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इस पूरे मामले पर संज्ञान लेते हैं या नहीं और क्या निष्पक्ष जांच के आदेश दिए जाते हैं।

# गौरक्षा के लिए चार धाम व 12 ज्योतिर्लिंग की पदयात्रा

## सिवनी से होकर निकला यूपी के सीतापुर का युवक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

गौरक्षा के उद्देश्य को लेकर एक युवक चार धाम,12 ज्योतिर्लिंग और पंच केदार की पद यात्रा पर निकला है। यूपी के सीतापुर जिले के रहने वाले आकाश शुक्ला ने बताया कि उनकी यात्रा का एक ही मकसद है कि गौरक्षा के लिए बेहतर से बेहतर काम होना चाहिए।

पिछले माह एक जनवरी से सीतापुर से निकले आकाश के अनुसार यात्रा के दौरान लोगों को गौरक्षा का भी संदेश दे रहे हैं।

### पूर्व में की थी बाइक से यात्रा

आकाश के अनुसार वर्ष 2018 में उसने बाइक से चार धामों की यात्रा की थी। आकाश ने बताया कि गौरक्षा के लिए बेहतर काम होना चाहिए। इसे लेकर शासन-प्रशासन गंभीर हों। दिन भर पदयात्रा करने के बाद रात में वे रूकते हैं और सुबह फिर से यात्रा शुरु हो जाती है। वे अपने साथ जरूरी सामग्री लेकर चल रहे हैं।

# होली पर यात्रियों को राहतः रानी कमलापति और दानापुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**सतना। होली के त्यौहार पर घर जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेल प्रशासन ने विशेष राहत दी है। रेलवे द्वारा रानी कमलापति (भोपाल) से दानापुर (बिहार) के मध्य 02-02 फेरे स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन वातानुकूलित, शयनयान और सामान्य श्रेणी के कोचों के साथ संचालित होगी, जिससे त्यौहार के दौरान वेटिंग लिस्ट से जूझ रहे यात्रियों को सुविधा मिलेगी।**

### ट्रेन की समय सारणी

गाड़ी संख्या 01667 (रानी कमलापति-दानापुर)ः यह ट्रेन 27 फरवरी और 02 मार्च 2026 को रानी कमलापति स्टेशन से दोपहर 14:25 बजे रवाना होगी। शाम 19:30 बजे जबलपुर पहुँचकर यह अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 01668 (दानापुर-रानी कमलापति)ः वापसी में यह ट्रेन 28 फरवरी और 03 मार्च 2026 को दानापुर से सुबह 11:15 बजे प्रस्थान करेगी। यह अगले दिन तड़के 03:50 बजे जबलपुर पहुँचते हुए सुबह 08:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी।यह स्पेशल ट्रेन अपने मार्ग में दोनों दिशाओं में नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर,सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी। रे ल प्रशासन के अनुसार, इन ट्रेनों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यात्री आईआरसी टीसी की आधिकारिक वेबसाइट या किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र से टिकट बुक कर सकते हैं। त्यौहार के समय सीटों की मारामारी को देखते हुए यात्रियों को जल्द आरक्षण कराने की सलाह दी गई है।

## छह माह की अवधि में 26.55 करोड़ से अधिक का लेनदेन

# फास्टैग वार्षिक पास धारियों की संख्या 50 लाख के पार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फास्टैग वार्षिक पास पहल ने पेश होने छह महीनों के भीतर 50 लाख उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार कर लिया है और इस अवधि में 26.55 करोड़ से अधिक लेनदेन दर्ज किए गए हैं। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले यात्रियों को वित्तीय राहत प्रदान करने के लिए 15 अगस्त, 2025 को वार्षिक पास सुविधा शुरू की गई थी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कहा, /"फास्टैग वार्षिक पास ने पेश होने के छह महीने के भीतर 50 लाख उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार कर 26.55 करोड़ से अधिक लेनदेन दर्ज करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

- 15 अगस्त, 2025 को वार्षिक पास सुविधा शुरू की गई थी

क्षेत्रवार विश्लेषण से पता चला कि वार्षिक पास के उपयोग के मामले में चंडीगढ़ सबसे आगे है, जो देश भर में कुल वार्षिक पास लेनदेन का 14 प्रतिशत है, इसके बाद तमिलनाडु 12.3 प्रतिशत और दिल्ली 11.5 प्रतिशत के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। दिल्ली-एनसीआर स्थित बिजवासन टोल प्लाजा वार्षिक पास के उपयोग में सबसे आगे रहा, जहां कुल वाहन क्रॉसिंग का लगभग 57 प्रतिशत इसी पास के जरिए हुआ।

### 1150 टोल प्लाजा पर लागू

इसके बाद दिल्ली-एनसीआर का मुंडका टोल प्लाजा और सोनीपत का झिंझोली टोल प्लाजा रहे, जहां गैर-वाणिज्यिक वाहनों की करीब 53 प्रतिशत आवाजाही वार्षिक पास के माध्यम से दर्ज की गई। राष्ट्रीय राजमार्गों और राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे पर स्थित लगभग 1,150 टोल प्लाजा पर लागू यह वार्षिक पास 3,000 रुपये की एकमुश्त राशि के भुगतान पर एक साल की वैधता या 200 टोल प्लाजा क्रॉसिंग की सुविधा देता है।

## डुण्डासिवनी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया हत्या खुलासा

# बेटे ने ही की थी पिता की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हरसंभव प्रयासरत रहते है एवं अपराधियो के विरुद्ध त्वरित एवं सख्त कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाता रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनु. अधिकारी (पुलिस) सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना डुण्डासिवनी क्षेत्र मे बीझावांडा मंगल कलोनी मे हुए विवाद मे 90 साल के बुजुर्ग की हत्या का खुलासा किया है।

दिनांक 05.02.26 को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बीझांवाडा मे झगडा विवाद मे रघुराज बघेल जो घायल हो गये है जिला अस्पताल ईलाज हेतु लाया गया था जो ईलाज के दौरान रघुराज बघेल उम्र 90 साल की मृत्यू हो गयी है कि सूचना पर थाना डूण्डासिवनी मे अपराध क्रमाक 57/2026 धारा 103(1) बी एन एस कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर पतासजी की गयी जो पता चला कि पिता और पुत्र दोनो एक साथ रहते थे पैसे मांगने की बात पर से पुत्र रवि बघेल ने अपने पिता रघुराज बघेल को डंडे से सिर मे मारकर गंभीर चोट पंहुचा कर घर के बाहर वाले दरवाजे मे ताला बंद कर भाग गया था जो बगल में रहने वाले रिश्तेदारो ने ताला तोड कर घायल को अस्पताल पंहुचाये जो ईलाज के दौरान मृत्यू हो गयी थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपी कि तलास पतासजी की गयी जो चंद घंटो मे डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा आरोपी को हिरासत में लिया जाकर आज दिनांक को माननीय न्यायालय सिवनी के समक्ष पेश किया गया जिसे न्यायायिक अभिरक्षा में भेजा गया। आरोपी रवि पिता रघुराज बघेल उम्र 57 साल नि. बीझांवाडा थाना डूण्डासिवनी, जप्तीः घटना में प्रयुक्त लकडी का डंडा। इस कार्यवाही मे निरी. चैनसिंह उइके, सउनि बालकृष्ण त्रिगाम, संजय बघेल, प्र. आर. संजू उइके, रणजीत पटले, धूपलाल नेताम, आर. नितेश राजपूत, कृष्णकुमार भालेकर, मिथलेश सूर्यवंशी, सीताराम जावरे, अकलेश माहोरे, अनुराग दुबे, केसरीनंदन ऐडे धनराज वरकडे. रघुराज यादव, सैनिक शीलकुमार अवस्थी, सुनील डेहरिया विशेष भूमिका शामिल रहे।

## भारत के करीब 130 अरब डॉलर बीमा बाजार पर नजर

# सौ फीसदी एफडीआई के बाद भारत पर कोरियाई बीमा कंपनियों की नजर

## पहली बार होगा भारत में कोरिआई बीमा कंपनियों का निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया की प्रमुख बीमा कंपनियां भारत में कारोबार शुरू करने की संभावनाएं तलाश रही हैं। सूत्रों के अनुसार, सैमसंग फायर एंड मरीन इंश्योरेंस, मिराए एसेट फाइनेंशियल ग्रुप और हुंडई मरीन एंड फायर इंश्योरेंस भारत के करीब 130 अरब डॉलर के बीमा बाजार में प्रवेश को लेकर शुरुआती स्तर पर बातचीत कर रही हैं।

भारत द्वारा बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति दिए जाने के बाद विदेशी कंपनियों की रुचि तेजी से

### सीधे भारतीय बीमा सेक्टर में रखेगी कदम

अगर इन चर्चाओं से कोई समझौता होता है, तो यह पहली बार होगा जब दक्षिण कोरिया की बीमा कंपनियां सीधे तौर पर भारतीय बीमा सेक्टर में कदम रखेंगी। कोरियाई कंपनियां पहले से भारत में ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में मजबूत मौजूदगी रखती हैं। पिछले साल हुंडई मोटर्स और एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी भारतीय इकाइयों को शेयर बाजार में सूचीबद्ध भी कराया था।




### नियामक और बाजार से बातचीत

सूत्रों के मुताबिक, हाल के महीनों में इन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भारतीय बीमा कंपनियों, बाजार सलाहकारों और बीमा नियामक इरडा से मुलाकात की है। इन बैठकों का मकसद भारत में कारोबार शुरू करने के संभावित रास्तों जैसे जॉइंट वेंचर, अधिग्रहण या सीधे निवेश का आकलन करना है। फिलहाल कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं रखा गया है।

### किस सेगमेंट पर किसकी नजर

सूत्र बताते हैं कि सैमसंग और हुंडई मरीन एंड फायर की दिलचस्पी नॉन-लाइफ इंश्योरेंस, यानी वाहन, हेल्थ और प्रॉपर्टी बीमा में है। वहीं, मिराए एसेट फाइनेंशियल ग्रुप लाइफ इंश्योरेंस, रिटायरमेंट और एन्युटी प्रोडक्ट्स पर फोकस कर रहा है। मिराए एसेट पहले से भारत में म्यूचुअल फंड कारोबार में मौजूद है।

# महादेव मेला शुरू, पर नहीं सुधरी सड़क, सारा ध्यान टोल वसूली पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परासिया

मध्य प्रदेश का प्रसिद्ध महादेव मेल शुरू हो गया है । महाराष्ट्र राज्य से मेला आने - जाने वालों की और वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है , पर सड़क की हालत नहीं सुधरी , जबकि इसके लिए कई बार विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाई गई , शिकायतें भी की गई । स्टेट हाईवे 19 , छिंदवाड़ा टू पिपरिया पर लगे टोल पर टोल तो पूरा - पूरा वसूला जा रहा है , लेकिन शर्तों के मुताबिक मेंटेनेंस नाम मात्र का या अधूरा है । टोल ठेकेदार और उनके कर्मचारियों कि इस लापरवाही और मनमानी पर सड़क विभाग के अधिकारी भी मौन है । फ़जीहत इस हाईवे पर आवागमन करने वाले वाहनों और लोगों की हो रही है ।स्टेट हाईवे छिंदवाड़ा से मटकुली के बीच दो टोल स्थापित हैं । एक टोल गाँगीवाड़ा में है , दूसरा कुआँबादला में है । इनके बीच की दूरी लगभग 54 किलो मीटर है । इस सड़क के रख - रखाव की जिम्मेदारी टोल ठेकेदार की है , लेकिन सड़क मेंटेनेंस को छोड़ सारा ध्यान टोल वसूली पर है । नगर पंचायत न्यूटन में सड़क पर ऐसे गड्ढे हो गए हैं , जो दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं । डिवाइडर मैले हो गए हैं , रात के समय दिखाई नहीं पड़ते । ऊपर से डिवाइडर से सटकर यदि कोई काले रंग का जानवर बैठा होता है तब और खतरा बढ़ जाता है । महादेव मेला शुरू होने से इस मार्ग पर यातायात बढ़ गया है । 24 घंटे भूराभगत और पचमढ़ी के लिए वाहनों की आवाजाही लगातार जारी है , लेकिन टोल ठेकेदार टोल वसूलने में पूरी ताकत झोंक रहे हैं , लेकिन सड़क मरम्मत को लेकर कोई सुध नहीं ले रहा है । पूर्व न्यूटन में सड़क के गड्ढों और डिवाइडर के रंग - रोंगन को लेकर खबर प्रकाशित हुई थी तब एम पी आर डी सी अधिकारी के द्वारा बारिश का मौसम निकलने के बाद सड़क मेंटेनेंस कराने की बात की गई थी , पर कुछ नहीं हुआ । 181 पर शिकायत के बाद न्यूटन बस स्टेंड पर कुछ गड्ढों को भरा गया , शिकायत वापस होते ही ठेकेदार अपना साजो - सामान लेकर चंपत हो गया ।

## निजी आवास से महज तीन किलोमीटर दूर रहने की तैयारी में लखमा

# मलकानगिरी में होगा पूर्व मंत्री कवासी का ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े दो हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाले के आरोपी दक्षिण बस्तर के कोंटा विधानसभा क्षेत्र के सात बार के कांग्रेस विधायक कवासी लखमा का मौजूदा ठिकाना बदलेगा। सशर्त जमानत मिलने के बाद उनका नया पता पड़ोसी राज्य ओडिशा का मलकानगिरी होगा। गौरतलब है, पूर्व मंत्री को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जमानत अवधि के दौरान वे छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा के बाहर ही निवास करेंगे और जिस राज्य व जिले में रहेंगे, वहां के संबंधित थाना में प्रतिदिन अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। इसके साथ ही पासपोर्ट जमा करने सहित अन्य शर्तें भी लागू की गई हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जमानत के बाद लखमा का ओडिशा राज्य के मलकानगिरी जिला मुख्यालय में रहने का कार्यक्रम लगभग तय माना जा रहा है। इस दिशा में तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। कोंटा विधायक होने के कारण उन्हें वैधानिक सुरक्षा, प्रशासनिक समन्वय और आवश्यक प्रोटोकॉल उपलब्ध कराने को लेकर भी विचार किया जा रहा है। उनका निजी आवास सुकमा जिले में स्थित है, जहां से मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर ओडिशा का मलकानगिरी जिला सीमा क्षेत्र आरंभ हो जाता है। ऐसे में परिवारजनों के लिए उनसे मुलाकात करना भी अपेक्षाकृत आसान रहेगा।

- रायपुर केंद्रीय जेल से रिहाई के बाद सुरक्षा व प्रोटोकॉल पर भी मंथन

खास खबर

बताया जा रहा है कि जमानत आदेश के बाद वे रायपुर केंद्रीय जेल से बाहर आ चुके हैं और अपने अधिवक्ता से विस्तृत चर्चा के उपरांत ओडिशा रवाना होने की तैयारी में हैं। मलकानगिरी क्षेत्र में भी उनके समर्थकों की संख्या उल्लेखनीय बताई जा रही है, ऐसे में वहां राजनीतिक हलचल और गतिविधियों पर भी सबकी नजरें टिकी हुई हैं। यह जमानत केवल कानूनी राहत नहीं, बल्कि दक्षिण बस्तर की राजनीति में आने वाले समय में नई चर्चाओं और समीकरणों को भी जन्म दे सकती है।

### छत्तीसगढ़ से बाहर रहने की शर्त पर मिली है जमानत



### सुप्रीम कोर्ट की जमानत शर्तें और मलकानगिरी प्रवास

*सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत सख्त शर्तों के साथ है, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर निवास करना अनिवार्य किया गया है। जिस जिले में वे रहेंगे,वहां के स्थानीय थाना में प्रतिदिन उपस्थित होकर जानकारी देनी होगी। पासपोर्ट जमा करना अनिवार्य रहेगा और बिना अनुमति क्षेत्र परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।*

# दांतों में महंगाई का दर्द...सोना बंद, चांदी भरना चार गुना महंगा सरकारी अस्पताल में राहत क्योंकि यहां सालभर का स्टॉक

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

सोने-चांदी की कीमतें बढ़ने के बाद आपको अपने दांतों का अतिरिक्त ख्याल रखना चाहिए, क्योंकि इसका इलाज अब महंगा हो गया है। दरअसल, दांत के सड़े हुए हिस्सों को निकालने के बाद वहां पर चांदी भरी जाती रही है। दांतों के फीलिंग मटेरियल के रूप में चांदी का इस्तेमाल पहले से होता रहा है। पहले जहां एक दांत में चांदी भरने में 500 से 700 रुपए तक का खर्च आकार के अनुसार आता था, तो अब वहीं खर्च चार गुना होकर 2,000 से 2,800 रुपए तक पहुंच गया है। चांदी की बढ़ती कीमतों को देखते हुए अब चांदी की जगह मिश्रित धातु का प्रयोग इलाज के लिए हो रहा है। वहीं सोने की जगह कास्ट मेटल का प्रयोग किया जा रहा है। इसमें सिल्वर व कास्ट गोल्ड का प्रयोग होता है। मजबूती के लिए सेरेमिक मटेरियल भी प्रयोग में लाए जा रहे हैं।

- सड़न वाले दांतों में सोने-चांदी की जगह लगाए जा रहे हैं कास्ट मेटल

## सोने-चांदी के दाम बढ़े तो दांत का इलाज भी हुआ प्रभावित



### दाम बढ़ने से पहले ही खरीदी

सोने-चांदी के दाम बढ़ने से दांतों का इलाज महंगा हुआ है, लेकिन शासकीय दंत चिकित्सालय में सालभर का स्टॉक है। चांदी के दाम बढ़ने के पूर्व ही हमने इसकी खरीदी कर ली थी, इसलिए हम प्रभावरहित हैं।

-डॉ.वीरेंद्र वाढेर, प्राचार्य, शासकीय दंत महाविद्यालय व चिकित्सालय

### सरकारी मरीजों को राहत

निजी अस्पताल में इलाज कराने वालों को पहले की तुलना में जेब अधिक ढीली करनी पड़ रही है। सोने-चांदी के अलावा अन्य मिश्रित धातुओं की कीमतें भी बढ़ी हैं। वहीं, शासकीय दंत चिकित्सालयों में इलाज करा रहे मरीज राहत की सांस ले रहे हैं, क्योंकि यहां कीमतें जस की तस हैं। राजधानी के शासकीय दंत महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में इलाज के दौरान सोने का प्रयोग नहीं होता है, लेकिन फिलिंग के लिए केस की आवश्यकतानुसार चांदी प्रयोग में लाई जाती है। चांदी की कीमतें बढ़ने के पहले ही यहां सालभर का स्टॉक खरीदकर रख लिया गया था। अब चांदी खत्म होने के बाद ही दोबारा खरीदी होगी।

# तांबे की मांग 10 से 12 फीसदी बढ़ने का अनुमान : इक्रा

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी इक्रा ने शुक्रवार को कहा कि देश में तांबे की घरेलू खपत अगले दो वर्षों में सालाना 10-12 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है जो चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में दर्ज 14-15 प्रतिशत वृद्धि से कम होगी।

- घरेलू खपत अगले दो वर्षों में बढ़ सकती है

इक्रा ने कहा कि धातु की ऊंची कीमतों से निकट भविष्य में मांग पर असर पड़ेगा। भारत में शहरीकरण, बुनियादी ढांचा विकास और हरित ऊर्जा रूपांतरण के कारण तांबे का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। रेटिंग एजेंसी ने एक बयान में कहा, ''घरेलू स्तर पर तांबे की ऊंची कीमतों से निकट भविष्य में मांग में बढ़ोतरी पर असर पड़ने की आशंका है, भले ही मांग के मुख्य कारण मजबूत बने हुए हैं। इक्रा के मुताबिक, मध्यम अवधि में तांबे की मांग मुख्य रूप से ऊर्जा-बदलाव से जुड़े उपयोग, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा, पावर ग्रिड, डेटा सेंटर और इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं, से बढ़ने की उम्मीद है। आपूर्ति के मोर्चे पर, घोषित क्षमता वृद्धि और बेहतर आपूर्ति पर्याप्तता के साथ घरेलू रिफाइंड तांबे की कमी धीरे-धीरे कम होने का अनुमान है।

# राज्य सरकार करे केस डायरी के साथ जवाब पेश

**हाईकोर्ट का निर्देश, कटनी में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं, जालसाजी, आपराधिक षड्यंत्र एवं सार्वजनिक धन के गबन के आरोपों की निष्पक्ष जांच कसीबीआई) को सौंपे जाने की मांग**

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर कटनी में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं, जालसाजी, आपराधिक षड्यंत्र एवं सार्वजनिक धन के गबन के आरोपों की निष्पक्ष जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपे जाने की मांग की गई है। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने राज्य सरकार को केस डायरी के साथ जवाब पेश करने के निर्देश दिए।

डिंडोरी निवासी चंद्र नारायण ठाकुर की ओर से अधिवक्ता केके पांडेय, कौशलेश पांडेय, सिद्धार्थ एस. पांडेय एवं अश्मिता चंद ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि कटनी में योजना एवं सांख्यकीय विभाग में कार्यरत कर्मचारियों शिवम



पटेल, मनोश सिंह, शीला पाल सहित अन्य ने बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं की हैं। अनावेदकों ने फर्जी बिल व अवैध भुगतान के जरिए शासन को लाखों रुपए की क्षति पहुंचाई है। उक्त अपराध की विभागीय जांच में आरोप भी सिद्ध हुए हैं। इस संबंध में याचिकाकर्ता ने 26 अप्रैल 2025 को कलेक्टर को शिकायत भी प्रस्तुत की थी, परंतु उस पर भी कोई निर्णय नहीं लिया गया। इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

## अधिवक्ता संघ पदाधिकारियों के विरुद्ध हाईकोर्ट में अवमानना याचिका

### सुनवाई 17 मार्च को

मप्र हाईकोर्ट में ओबीसी, एससी-एसटी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से एक अवमानना याचिका दायर की गई है। जिसकी सुनवाई 17 मार्च को नियत की गई है। अवमानना याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता वरुण ठाकुर पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने दलील दी कि अधिवक्ता संघों के कुछ पदाधिकारी अधिवक्ताओं के बीच वैमनस्य पैदा कर न्यायिक कार्रवाई में हस्तक्षेप कर रहे हैं। ओबीसी, एससी-एसटी के संवैधानिक अधिकारों की न्यायिक लड़ाई लड़ने वाले अधिवक्ताओं को कोर्ट में वकालत करने से रोकने का अनुचित प्रयास हो रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक प्रसाद शाह की प्रतिष्ठा को धूमिल करने मनमानी कार्रवाई की गई है। ग्वालियर से जबलपुर आए अधिवक्ता अनिल मिश्रा के सामने जबलपुर के अधिवक्ता रूप सिंह मरावी से मारपीट की घटना की शिकायत सिविल लाइंस थाने में की गई है।

## बड़ादेव स्थापना दिवस पर गोंडी सम्मेलन कल

**जबलपुर**। गोंड समाज महासभा अध्यक्ष कोमल सिंह कोरचे ने बताया कि बड़ादेव स्थापना दिवस पर मोहनियां रांझी में विशाल गोंडी सम्मेलन 08 फरवरी को आयोजित है। कार्यक्रम प्रातः 09 बजे बड़ादेव गोंगो (पूजन) से आरंभ होगा। मध्यान्ह 12 बजे से मंचीय कार्यक्रम होगा जिसमें समाज के वरिष्ठजनों एवं समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही विवाह योग्य युवक, युवतियों का परिचय कार्यक्रम भी आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कुंवर विजय शाह मंत्री मप्र शासन एवं केंट विधायक अशोक रोहाणी होंगे। आयोजन में उपस्थिति की अपील सेवल सिंह परते, प्रमोद उइके, राजेन्द्र सिंह तेकाम, संजू ठाकुर, मोहन सिंह उइके, नरेश कुलस्ते, बालकृष्ण उइके, जनक मरावी, रतन मरकाम, मुकेश बट्टी, अर्चना सिंह कोरचे, गायत्री मरावी, रजनी कुलस्ते, लक्ष्मी उइके सहित अन्य ने सामजिक बंधुओं से की है।



## प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ की बैठक संपन्न, सदस्यता अभियान प्रारंभ

**जबलपुर**। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय, जबलपुर में प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ, जबलपुर संभाग की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय अध्यक्ष के नेतृत्व में 05 फरवरी 2026 से जबलपुर संभाग में संघ का सदस्यता अभियान प्रारंभ किया गया, जिसे फरवरी माह तक शत-प्रतिशत पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक की अध्यक्षता संघ के महामंत्री डॉ. पवन पंडित ने की। बैठक में प्राध्यापकों की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया, जिनमें 2004-05 एवं 2019 में नियुक्त सहायक प्राध्यापकों, ग्रंथपालों व क्रीड़ा अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि समाप्त करने, वरिष्ठ व प्रवर वेतनमान, चतुर्थ पे-बैंड, प्राध्यापक पदनाम आदेश जारी करने तथा क्रीड़ा अधिकारियों की सेवा अवधि 62 से 65 वर्ष करने जैसे मुद्दे शामिल रहे। प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि संघ के प्रांतीय पदाधिकारी शीघ्र ही उच्च अधिकारियों से संपर्क कर समस्याओं के निराकरण हेतु प्रयास करेंगे। बैठक में डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. राजेश शामकुंवर, डॉ. शैलप्रभा कोष्टा, डॉ. मलय वर्मा, डॉ. शुभांगी धगट, डॉ. विभा निगम, डॉ. प्रतिभा कुमार, डॉ. मीना केलर, डॉ. समता नायडू, डॉ. स्मिता बेलवंशी सहित लगभग 40 प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे।



## थ्रो बॉल में जबलपुर संभाग की बालक टीम ने प्राप्त किया तृतीय स्थान

**जबलपुर**। खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 राज्य स्तरीय थ्रो बॉल बालक वर्ग की प्रतियोगिता दिनाँक 29 से 30 जनवरी तक भोपाल में आयोजित की गई जिसमें जबलपुर संभाग की बालक वर्ग की टीम ने अपने सभी मैचों को जीतकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालकों की उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी खेल युवा कल्याण विभाग आशीष पांडे, जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर, रिंकू विज अध्यक्ष नगर निगम, दिग्विजय सिंह सचिव मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ, विवेक राम सोनकर पार्षद, अवधेश यादव कोच, मंजीत सामल मैनेजर, हर्ष विश्वकर्मा, हेमलता तिवारी, सीमा पटेल, शिल्पा सोनी, निशा ठाकुर, विनोद पोद्दार एवं जबलपुर जिला थ्रो बॉल सचिव चंदा सोनी ने सभी को बधाई दी।

## मृतक आश्रित परिवारों को शीघ्र मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

### महापौर एवं निगम आयुक्त की संवेदनशील पहल

**जबलपुर**। नगर निगम जबलपुर के मृतक कर्मचारियों के आश्रित परिवारों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किए जाने के संबंध में अजाक्स संघ नगर निगम जबलपुर के अध्यक्ष अमित मेहरा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगम अध्यक्ष रिंकू विज एवं निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार से सौजन्य मुलाकात कर लंबे समय से लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल द्वारा बताया गया नगर निगम में सेवा के दौरान मृत हुए कर्मचारियों के आश्रित परिवार गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। अनुकंपा नियुक्ति शासन की एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी व्यवस्था है, किंतु कई पात्र प्रकरण वर्षों से लंबित होने के कारण परिवारों के सामने जीवन-यापन की कठिन स्थिति उत्पन्न हो गई है।इस विषय को महापौर श्री सिंह एवं निगम आयुक्त श्री अहिरवार ने अत्यंत



संवेदनशीलता, गंभीरता एवं मानवीय दृष्टिकोण से सुना और आश्वस्त किया कि मृतक के पात्र आश्रित परिवारों को शीघ्र अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने हेतु आवश्यक प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाएगी, ताकि किसी भी परिवार को अनावश्यक भटकना न पड़े। संगठन ने आशा व्यक्त की कि महापौर एवं निगम आयुक्त के नेतृत्व में नगर निगम प्रशासन द्वारा शीघ्र ठोस निर्णय लेकर प्रभावित परिवारों को वास्तविक राहत प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष अमित मेहरा, अक्षय करी, गुलशन जबलपुरी, राजेंद्र पटेल, मन्जू पटेल एडवोकेट, दीपक नरसम्मालु, रामू मैया, कोयरी नायडू, श्रीनिवास्लु रामाराव, अशोक वर्मा मागरदे, महेंद्र मलिक, राहुल आदित्य, सत्यम सैमुअल, प्रहलाद बर्मन, विजय सेन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



## पुरातत्व संस्था की बाल ब्रान्ड एम्बेसडर बनी आराध्या तिवारी

**जबलपुर**। कला संस्कृति शिक्षा, पर्यावरण, इतिहास एवं पुरातत्व आदि विविध क्षेत्रों में क्रियाशील संस्था हावी एंड कलेक्शन द्वारा पुरातत्व सामग्री संचय को प्रोत्साहन देने के लिए विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें स्माल वंडर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की विद्यार्थी कु. आराध्या तिवारी प्रियम को बाल एम्बेसडर मनोनीत करते हुए उनको प्रमाणपत्र, मेडल प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रभात साहू पूर्व महापौर थे। अध्यक्षता राजेश पाठक प्रवीण ने की।संगोष्ठी का आयोजन सोनाली मढ़ाताल में किया गया। मुख्य अतिथि प्रभात साहू ने कहा की पुरातत्व की सामग्री हमारे इतिहास की धरोहर हैं। पुरातत्व के क्षेत्र में प्रियम द्वारा किये जा रहे कार्य बच्चों को प्रेरणा देंगे। अध्यक्षता कर रहे राजेश पाठक प्रवीण ने कहा कि डॉ. राजकुमार सुमित्र की विरासत को प्रियम आगे बढ़ा रही हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम सब लुप्त होती धरोहर को बचाने प्रयास करें। पुरानी सामग्रियों के संचय से तत्कालीन समय की जानकारी मिलती है। समारोह में राजेन्द्र मिश्रा, विजय नेमा, राजीव गुप्ता, प्रतिमा अखिलेश, डॉ. सलमा जमाल, डॉ. मुकुल तिवारी, रजनी कोठारी, प्रभाशील ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन संतोष नेमा संतोष एवं आभार संस्था के अध्यक्ष सत्यनारायण सेन ने व्यक्त किया। समारोह में प्रीति नामदेव, वंदना सोनी, ज्योति प्यासी, अनुदित साज, सुवीर श्रीवास्तव, दिवाकर शर्मा, महेश स्थापक, रमाकान्त गौतम ने अतिथियों का स्वागत किया।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशजों की बैठक कल

**जबलपुर**। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के केशव प्रसाद चौरसिया ने बताया कि शहर जिला जबलपुर के समस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशज व उत्तराधिकारी, परिजनों की आवश्यक बैठक 8 फरवरी को गांधी भवन टाउन हॉल में आयोजित है। बैठक में सभी सदस्य अपने आधारकार्ड की फोटोकॉपी एवं पासपोर्ट की दो-दो फोटो के साथ उपस्थित हों ताकि वर्ष 2026 के नवीन सदस्यता अभियान में उन्हें जोड़ा जा सके। सभी सदस्यों से गांधी भवन टाउन हॉल में दोपहर 2 बजे आयोजित बैठक में उपस्थिति की अपील की गई है।

## अजीत पवार की अस्थियां नर्मदा नदी में भी प्रवाहित की गई

**जबलपुर**। स्वर्गीय अजीत पवार की स्मृति में पार्टी के राष्ट्रवादी युवा अध्यक्ष धीरज शर्मा एवं पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव जानवी पांडे एवं प्रदेश महासचिव राजेश जायसवाल, पार्टी के पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय सचिव धीरज मिश्र सभी कार्यकर्ता इकट्ठे हुए, वह एक महान नेता थे जिन्होंने महाराष्ट्र की राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया उनके नेतृत्व क्षमता और जनता के प्रति संवेदनशीलता उन्हें एक आदर्श नेता बनती है, उनकी स्मृति में हम उनके आदर्शों को आगे बढ़ने का संकल्प लेते हैं। शुक्रवार को स्वर्गीय अजीत पवार की अस्थि कलश यात्रा राजेश जायसवाल के निवास स्थान चंद्रिका टावर से प्रारंभ हुई, खारी घाट मां नर्मदा के तट पर अस्थि विसर्जन पूरी विधि विधान से किया गया। विसर्जन के दौरान उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे शामिल हुए और मुख्य अतिथि डॉ. रविकांत पाण्डेय, कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित हुए। अस्थियों को देश की प्रमुख पवित्र नदियों में भी विसर्जित किया जा रहा है जिन्हें हरिद्वार गंगा नदी, मध्य प्रदेश की जबलपुर नर्मदा नदी, गोदावरी शामिल हैं।

## जल्द होगी 1005 पदों पर भर्ती, संगठन की मांग पर महापौर ने शीघ्र कार्रवाई का दिया आश्वासन

जबलपुर। नगर पालिक निगम जबलपुर की आदर्श कार्मिक संरचना वर्ष 2025-26 एवं शासन के स्वीकृत बजट प्रावधानों के अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी के कुल 1005 रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती किए जाने की दिशा में ठोस पहल प्रारंभ हो गई है। इनमें भृत्य/ चौकीदार के 50 पद एवं सफाई संरक्षक के 955 पद शामिल हैं। अजाक्स संघ नगर निगम जबलपुर द्वारा लंबे समय से इन पदों पर भर्ती की मांग की जा रही थी। संगठन के अध्यक्ष अमित मेहरा के नेतृत्व में यह विषय जनहित एवं नगर निगम की कार्यक्षमता से जुड़ा होने के कारण निरंतर प्रशासन के समक्ष रखा गया। इस विषय पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगम अध्यक्ष रिंकू विज एवं आयुक्त नगर निगम जबलपुर



रामप्रकाश अहिरवार ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए बताया कि शासन के 2025-26 के बजट प्रावधानों के अनुसार 1005 पदों पर नियमित अथवा संविदा आधार पर भर्ती की जाएगी। महापौर एवं आयुक्त द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि इस संबंध में शीघ्र ही शासन को पत्र प्रेषित किया जाएगा, ताकि भर्ती प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो और नगर निगम की स्वच्छता, सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। गौरतलब है कि चतुर्थ श्रेणी के इन पदों के लंबे समय से रिक्त रहने के कारण नगर निगम को ठेका एवं आउटसोर्स एजेंसियों पर निर्भर रहना पड़ रहा था, जिससे न केवल सेवा गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी, बल्कि शासन पर अतिरिक्त वित्तीय भार भी बढ़ रहा था। अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यदि शीघ्र भर्ती प्रक्रिया होती है, तो इससे नगर निगम की कार्यक्षमता में सुधार होगा, शहर की स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने आश्वासन दिया कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इस विषय पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## जेनको क्रिकेट लीग 9 फरवरी से

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी तत्वावधान में जेनको क्रिकेट लीग का आयोजन 9 से 14 फरवरी तक रामपुर परिसर स्थित पाण्डुताल खेल मैदान में किया जाएगा। इस क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के साथ कार्मिक के परिवार की महिला सदस्यों व बच्चों के लिए मनोरंजक खेल स्पर्धाएं भी आयोजित होंगी। प्रतियोगिता में पावर जनरेटिंग कम्पनी के मुख्यालय स्थित सभी कार्यालयों एवं रानी अवंती बाई सागर जल विद्युत गृह बरगीनगर के कार्मिक शामिल होंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी करेंगे 9 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह अध्यक्षता करेंगे। तीन वर्ग में 10 टीमों के बीच होगा मुकाबला-जेनको क्रिकेट लीग में वरिष्ठ अभियंता वर्ग की दो टीमें चैलेंजर्स व टाइटन्स, पुरुष अभियंताओं व कार्मिकों की 6 टीमों रॉयल्स, लीजेन्ड्स, हिटर्स, वारियर्स, ग्लेडीएटर्स व चार्जर्स के मध्य मुकाबला होगा। महिला कार्मिकों की दो टीमें वंडर वुमेन्स व पावर एंजेल्स बनाई गई हैं, जिनके मध्य मुकाबला होगा। जेनको क्रिकेट लीग में अधीक्षण अभियंताओं व इनके उच्च पदों के कार्मिकों की दो टीमें चैलेंजर्स व टाइटन्स भी क्रिकेट लीग में उतरेंगी।

## पृथ्वीराज चौहान फाउंडेशन का वार्षिक कैलेन्डर विमोचित

**जबलपुर**। पृथ्वीराज चौहान फाऊन्डेशन के संस्थापक ठा. दीपक सिंह राजपूत ने बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी संस्था पृथ्वीराज चौहान फाउंडेशन के वार्षिक कैलेन्डर का विमोचन उद्योगपति फिनिक्स ग्रुप के चेयरमेन सुमित विश्वनाथ दुबे कालिया के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम सुमित विश्वनाथ दुबे कालिया का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया, संस्था द्वारा किए जा रहे जनहितकारी सामाजिक कार्यों की जानकारी दी गई, एवं शहर के पर्यटन स्थलों के विकास हेतु चर्चा की गई। श्री कालिया ने कहा कि शहर में अनेक पर्यटन स्थल हैं, यदि इन्हें सही तरीके से विकसित किया जाये तो जबलपुर निश्चित ही मध्यप्रदेश की पर्यटन



राजधानी बनने अग्रसर होगा, उन्होंने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान देश की शान हैं उनके राष्ट्रप्रेम, त्याग, बलिदान, स्वाभिमान को जीवन में उतारने की प्रेरणा मिलती है। पृथ्वीराज चौहान फाऊन्डेशन के वार्षिक कैलेन्डर विमोचन समारोह में प्रमुख अतिथि सुमित विश्वनाथ दुबे कालिया, वरिष्ठ समाजसेवी मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष विजय कांडा, कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि राजेन्द्र चौधरी, पृथ्वीराज चौहान फाऊन्डेशन के संस्थापक ठा. दीपक सिंह राजपूत, युवा सचिव अनुज सिंह ठाकुर, एडवोकेट धीरज सिंह ठाकुर, पिंकी ठाकुर, नरेश चिन्टू राजपूत, गोल्डी यादव, प्रवीण सिंह बैस, मनीष ठाकुर, जी.एस. राजपूत, राजेश पटेल सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

In The Court Of XVII Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur

Presiding Officer: भरत परमार

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000066/2026)

आरती सराफ.............................वादी Vs

श्रीमान डायरेक्टर महोदय..................प्रतिवादी

Process Id-/2026

प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 10/03/2026

(1) आम जनता पता- जबलपुर मप्र

यह कि प्रार्थी आरती सराफ ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए वाद पत्र वास्ते घोषणा बावत वाद मूल्यांकन सूचना के प्रकाशन के 5001 रुपए पर निर्धारित न्यायशुल्क चस्पा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 28 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(मुद्रा)

भरत परमार
17वें व्यवहार न्यायाधीश
(कनिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## भगवान की बारात का भक्तिमय विहंगम दृश्य देखकर झूम उठे भगवान के भक्त

**जबलपुर**। भगवान की भक्ति का रस जब बिखरता है, तो उसका पान करने वाले भगवान के हर एक चिंतन में चित्त लगाकर उनका भजन करते हैं और आनंद में डूब जाते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा ग्राम गधेरी में तब देखने में आया, जब भगवान शिव की बारात निकली। आपको बता दें कि ग्राम गधेरी में बीती 01 फरवरी से भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम आज भी लगातार जारी है। रामकुमार यादव के पिता गिलासी प्रसाद यादव की पुण्य स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में भव्यता और शोभा से बढ़कर भगवान की भक्ति और भक्ति मय वातावरण देखा जा रहा है। आज भगवान की बारात का दृश्य था। जिसमें भगवान शिव की बारात में सभी ग्रामवासी शामिल हुए। कथा स्थल से चलकर ग्राम के विभिन्न मार्गों से होती हुई यह बारात, वापस कथा स्थल पर आकर समाप्त हुई। आयोजक मंडल की तरफ से अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के





संभागीय अध्यक्ष विजय यादव, ग्रामीण जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव,चंदू यादव और आयोजक मंडल के सभी लोग, भगवान की बारात के साथ साधू, संतों और महाराज के स्वागत के लिए तैयार खड़े थे। अपने हाथों में पुष्प लेकर बारात पर पुष्प वर्षा कर रहे थे। इस मौके पर आयोजन मंडल ने लोगों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान का आशीर्वाद लेकर प्रसाद का पुण्य लाभ अर्जित करने की विनती की है।

कार्यालय, संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर

पत्रा क्र. /स. अधि./13/मुख्यालय / 2025 26/ एम/ 223 दिनांक :- 04/02/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजकुमार कॉजवानी पिता स्व. श्री सदोरामल श्री गुलशन कॅंचवानी एवं श्री पंकज कॅंचवानी दोनों के पिता श्री राजकुमार कॅंचवानी ने मकान नं. 349/1 का हिस्सा वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 462 व.फु. भूतल 462 व.फु. प्रथम तल 462 व.फु., द्वितीय तल 462 व.फु. तृतीय तल 462 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्र. 13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर